1.Adaptation of Old Age Person by Every NSS Volunteers

1. Background & Introduction

राजकीय कन्या महाविद्यालय, उन्हाणी में उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणाा पंचकुला द्वारा सत्र 2019–20 से राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरूआत की गई। तत्पश्चात् महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 विक्रम सिंह द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं के लिए यह अनिवार्य किया गया कि प्रत्येक स्वयंसेविका अपने समीपवर्ती एक–एक वृद्धजन को प्रतिगृहीत करेगी। जिसका उद्देश्य समाज में बुजुर्गों के प्रति गिरते हुए सम्मान का पुनरूत्थान करना है, क्योंकि बुजुर्ग समाज पर बोझ नहीं अपितु आशीर्वाद हैं।

2. Implement and Monitoring

बुजुर्गों की सेवा में सलंग्न स्वयंसेविकाएं समय–समय पर उनकी सेवा–शुश्रुषा करते समय राष्ट्रीय सेवा योजना के वाट्स एप ग्रुप में फोटो भी सांझा करती हैं। जिसका अवलोकन प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया जाता हैं। स्वयं सेविकाएं अपने द्वारा किए गए इस कार्य की रिपोर्ट भी वृद्धजन प्रतिगृहित डायरी में लिखती है। इस डायरी का निरीक्षण व प्राचार्य महोदय एवं कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया जाता हैं तथा टेलीफोन के माध्यम से उनके द्वारा बातचीत कर उनके साथ सम्पर्क किया जाता हैं।

2.Help Desk at Govt. Hospital Kanina

राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में उपमण्डल कनीना के सिविल अस्पताल में दिनांक 09.05.2022 प्राचार्य डॉ0 विक्रम सिंह के निर्देशन में हेल्प डेस्क लगाकर समाज सेवार्थ महत्वपूर्ण अभियान का संचालन कराया गया। जिसका उद्देश्य समाज के बुजुर्ग, विकलांग व अनपढ़ महिलाओं को अस्पातल की ओर से दी जानी वाली सुविधाओं की जानकारी देकर उनका यथायसंभव सहयोग करना था ताकि वे जानकारी के अभाव में इधर–उधर न भटकें तथा सभी सरकारी सुविधाओं से लाभांवित हो। कार्यक्रम अधिकारी द्वारा इस अभियान के लिए एक रोस्टर सिस्टम बनाया गया, जिसके तहत दो स्वयंसेविकाएं प्रतिदिन अस्पताल में जाकर अपना यथासंभव सहयोग देती हैं। स्वयंसेविकाओं इस कार्य का औचक निरीक्षण प्राचार्य कार्यक्रम अधिकारी तथा स्टॉफ के सदस्यों द्वारा भी किया जाता हैं तथा अस्पताल के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा उनके कार्यों की रिपोर्ट ली जाती हैं।